हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 ट्रक कटिंग करने वाले कंजर गिरोह का पर्दाफाश...



07 देहदान व अंगदान करने वालों को किया...



## खबर संक्षेप में

### समाधान योजना में बिल भुगतान की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया बिलों में राहत प्रदान करने हेतु संचालित समाधान योजना के तहत बिल भुगतान की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। जिले के विद्युत उपभोक्ता 31 दिसंबर से पूर्व अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान कर सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक छूट प्राप्त कर सकते है। अधीक्षण यंत्री, मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी आगर वृत्त रत्नेश अयाची ने जिले के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बकाया बिलों का भुगतान 31 दिसंबर से पूर्व संबंधित वितरण केंद्र पर जाकर करें जिससे सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट का लाभ मिल सके।

### पीएम किसान व उर्वरक वितरण के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य

**नलखेड़ा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त प्राप्त करने फार्मर आईडी जनरेट होना एवं आधार-बैंक खाता डीबीटी सक्षम होना अनिवार्य किया गया है। जनवरी 2026 से उर्वरक वितरण फार्मर आईडी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे कृषकों की धारित भूमि के अनुसार उर्वरक प्रदाय सुनिश्चित किया जा सके। जिले में पीएम किसान योजना के 1,16,323 हितग्राहियों में से 1,12,392 हितग्राहियों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने जिले के समस्त तहसीलदारों को पत्र जारी कर निर्देश दिए है कि शेष हितग्राहियों की फार्मर आईडी शीघ्र बनाने हेतु अभियान चलाया जाए। ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाने का कार्य जनवरी माह में पूर्ण करें, ताकि किसानों को योजना का लाभ एवं उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सुबह के समय बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं।

### बिजली पोल हटाए बिना ही बना दी सीसी सड़क, लोगों की शिकायत नजरअंदाज की

# मनमानी: इंजीनियरों की चुप्पी ने बिगाड़ दी ढाई करोड़ की सड़क

रहवासियों बोले जब उन्होंने खंभों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तो ठेकेदार और इंजीनियरों ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मछली पुल से लुनिया चौराहा तक बन रही सड़क राहत से ज्यादा परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। नगर पालिका के इंजीनियरों और ठेकेदार की मिलीभगत का आलम यह है कि सड़क पर खड़े बिजली के हाई वोल्टेज खंभों को हटाए बिना ही सड़क का निर्माण कर दिया गया। बता दें यह लापरवाही उस व्यस्ततम मार्ग पर की गई है जहां से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं।

निर्माण एजेंसी ने बिजली कंपनी से समन्वय करने या खंभों को शिफ्ट करने की प्रतीक्षा करने के बजाय खंभों के चारों तरफ ही सड़क का निर्माण कर उसे 'पहाड़' जैसा ऊंचा कर दिया है। तकनीकी रूप से यह न केवल गलत है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। रात के समय या वाहन चालकों की निगाह चूकते ही यह बिजली के खंभे हादसों का कारण बनेंगे।

#### इंजीनियरों की चुप्पी पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका के जिम्मेदार इंजीनियरों की मौजूदगी में यह 'खतरनाक खेल' खेला जा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जब उन्होंने खंभों को लेकर आपत्ति दर्ज कराई तो ठेकेदार और इंजीनियरों ने इसे नजरअंदाज कर दिया।



#### जिम्मेदार का तर्क, मापदंड सही हैं

जब इस संबंध में नगर पालिका के इंजीनियर विजय कोली से सड़क की असामान्य ऊंचाई और बेस को लेकर बात की गई तो उन्होंने बड़े ही सहज भाव से कहा सड़क में बेस की जरूरत नहीं है, तय मापदंड के अनुसार निर्माण हो रहा है।

#### पहाड़ जैसी ऊंचाई और जलभराव का डर

बिजली के खंभों के साथ-साथ सडक़ की अत्यधिक ऊंचाई भी चर्चा का विषय बनी हुई है। सडक़ अब आसपास की दुकानों और मंदिरों की दहलीज से ऊपर निकल चुकी है। सडक़ अत्याधिक ऊंची होने की वजह से बरसात के दिनों में घरों-दुकानों और मंदिरों में पानी भरेगा।

## सीहोर बाइज ने सीहोर रेड को 3-0 से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी की स्मृति में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में चौथे दिन तीन मैच खेले गए। पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन विरोध सीहोर गर्ल्स के मध्य खेला गया। यह गोल 1-1 गोल की बराबरी पर रहा सीहोर गर्ल्स की तरफ से मुस्कान ने एक गोल किया सीहोर चिल्ड्रन की तरफ से राजनाथ ने एक गोल किया। प्रतियोगिता में दूसरा मैच सीहोर बाइज विरुद्ध सीहोर रेड के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर वॉइस 3-0 से विजय रही सीहोर बॉयज की तरफ से युवराज ने एक गोल किया। आदित्य ने एक गोल किया घनश्याम ने एक गोल किया। प्रतियोगिता में तीसरा मैच सीहोर क्लब विरोध एमजी क्लब के मध्य खेला गया। जिसमें सीहोर क्लब 2-1 से विजयी रहा सीहोर क्लब की तरफ से ध्रुव ने एक गोल किया। अनुज ने एक गोल किया एमजी क्लब की तरफ से शुभ ने एक गोल किया।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाया स्थापना दिवस

**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कार्यालय न्यू बस स्टैंड सीहोर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन हुआ। इसके पश्चात वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु प्रसाद राठौर द्वारा झंडा वंदन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद और महात्मा गांधी अमर रहे हैं के गगन भेदी नारे लगाए एवं मीठाई का वितरण किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि 140 साल पहले शुरू हुई एक यात्रा जो सिफऱ्.एक पार्टी की नहीं, एक विचार, एक संघर्ष और एक सपने की यात्रा है। कांग्रेस का जन्म उस दौर में हुआ जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा था।

यहीं से आज़ादी की चेतना जगी, यहीं से सत्य, अहिंसा और बलिदान की राजनीति ने आकार लिया। महात्मा गांधी का नेतृत्व, नेहरू, पटेल, आज़ाद, बोस जैसे असंख्य सेनानियों का त्याग और लाखों गुमनाम कार्यकर्ताओं का संघर्ष, इसी कांग्रेस ने आज़ादी की नींव रखी। आजादी के बाद भी यह यात्रा रुकी नहीं। संघर्ष जारी है, क्योंकि भारत अभी भी बन रहा है। कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के सम्मान में टाउन हॉल के समीप स्थित डॉ.अम्बेडकर उपवन पहुंचकर सभी साथियों के साथ श्रमदान किया। बाबा साहेब उपवन में लंबे समय से चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ था और गाजर घास बहुत तदात में उग रही थी पूरे परिसर को पूरी तरह साफ-सफाई की गई।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद राठौर, नईम नवाब, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र पहलवान, सुरेश बाबु राठौर, डॉ.अनीस खान, सुनील दुबे, रामायण प्रसाद शुक्ला, हफीज चौधरी, दिनेश भेरवे, नरेन्द्र खंगराले, मनोज पटेल, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, विनीत गोयल, ममता शर्मा, मानू शर्मा, सुमित नर्रे, मनीष मेवाड़ा, तनष्कि त्यागी, लक्की सक्सेना, नितिन उपाध्याय, सुयश तोमर, अनुभव सेंगर, ब्रजेश पाटिदार, दीपक सोनकर, जतिन परमार, अरबाज खान, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट स्पर्धा का समापन

**सीहोर।** संभाग स्तरीय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन दिनांक 28 दिसंबर 2025 को सीहोर के बीएसआई ग्राउंड पर अत्यंत रोमांचक मुकाबलों के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दिन के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सीहोर की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में भोपाल की टीम ने रायसेन को परास्त कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला भोपाल एवं नर्मदापुरम की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल की टीम ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी और सटीक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नर्मदापुरम को 54 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस मुकाबले में दर्शकों ने रोमांचक क्षणों का भरपूर आनंद लिया और पूरे मैदान में खेल भावना का उत्साह दिखाई दिया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह बीएसआई ग्राउंड के ट्रेजरार वीरेंद्र वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। श्री वर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस सफल आयोजन के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर की सराहना की। इस अवसर पर आयोजक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों एवं युवाओं में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व जैसे मूल्यों का विकास करती हैं। हमें गर्व है कि हमारे महाविद्यालय के माध्यम से संभाग स्तरीय इस तरह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक स्तर का प्रदर्शन किया। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हैं और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। समूची प्रतियोगिता ने भोपाल संभाग में खेल संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान की है और खिलाड़ियों के लिए यह आयोजन प्रेरणास्त्रोत बनकर सामने आया है।



### जिले के विद्यार्थी राज्य स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी में करेंगे सहभागिता

**नलखेड़ा।** जिले के चयनित छात्र-छात्राएं इंदौर में होने वाली राज्य स्तरीय इंस्पायर्ड अवार्ड प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे। जिले में 4 विद्यार्थी इसके लिए चयनित हुए हैं। जानकारी अनुसार शासकीय विद्यालय सुईगांव नलखेड़ा की एक मात्र चयनित छात्रा लक्ष्मी, अशासकीय विद्यालय कमला सागर नलखेड़ा के दर्शील तातेड़ व प्रदीप लववंशी, संस्कार अकादमी आगर की छात्रा चेतना यादव अपने अपने मार्गदर्शक शिक्षक संदीप परिहार, सियाराम पाटीदार, निकिता जैन के मार्गदर्शन में अपना प्रोटोटाइप/ मॉडल प्रस्तुत करेंगे। छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव, एडीपीसी दिनेश कुम्भकार, जिला विज्ञान प्रभारी पुष्पेंद्र गौड़ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



## इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर, दर्शन किए

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को जहां हजारों भक्तों की भीड़ माता रानी के दर्शन के लिए लगी हुई थी। वहीं इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी सपरिवार माता मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने आम भक्तों के साथ खड़े होकर मां बगलामुखी के दर्शन पूजन कर संध्याकालीन आरती में भाग लिया। वहीं मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किया। भार्गव का माता मंदिर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया।

रविवार सायं इंदौर के महापौर पुष्यमित्र सपरिवार मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए। वे माता रानी की संध्याकालीन आरती में आमभक्तो के साथ शामिल हुए। आरती बाद उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में सपरिवार विशेष हवन अनुष्ठान किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर महापौर का भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम मस्ताना, जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, धरोला मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत, भाजपा मंडल महामंत्री रितेश सोनी, बीरमलाल मालवीय, पार्षद गोवर्धन वेदिया, अनुज ठाकुर आदि ने भार्गव का स्वागत किया।



## सामाजिक कार्यकर्ता व्यास ने छात्राओं को स्वेटर वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं एलआईसी एजेंट दिनेश व्यास ने सोमवार को सांदीपनि विद्यालय में छात्राओं को जिनके पास स्वेटर नहीं थे ऐसी 40 छात्राओं को भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा के हाथों स्वेटर वितरित कराए। इस कड़ाके की ठंड में ठिठुरती छात्राओं के चेहरे स्वेटर पाकर खिल उठे। व्यास ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी कि कुछ गरीब लड़कियां हैं जिनके पास स्वेटर नहीं हैं। जिस पर उनके द्वारा पढ़ने वाली छात्राओं को अध्ययन में परेशानी नहीं हो इसके लिए उन्हें स्वेटर प्रदान किए हैं। व्यास द्वारा इस अवसर पर घोषणा की गई कि कक्षा 12वीं में गरीब वर्ग की छात्रा प्रथम श्रेणी में आती है तो उसकी उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज की फीस वे वहन करेंगे।

### कलेक्टर-एसपी ने मतदान केंद्रों का किया भ्रमण

# जिपं सदस्य पद के लिए मतदान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-1 सुसनेर में सदस्य पद के लिए सोमवार को मतदान निर्विघ्न और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुए। वार्ड के सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः समय से ही मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रातः 7 से अपरान्ह 3 बजे तक 70.64 प्रतिशत वोटिंग हुई। कलेक्टर प्रीति यादव एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। कलेक्टर-एसपी ने मतदान केन्द्र सालियाखेड़ी, सोयत, डोंगरगांव, देहरिया सोयत, गणेशपुरा आदि गांवों के मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। इसके साथ ही उप निर्वाचन के लिये नियुक्त प्रेक्षक पीके वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े ने भी सतत रूप से मतदान केन्द्रों का विजिट किया और मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया।



**मतगणना 2 जनवरी को-** जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतगणना 2 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुसनेर में होगी। परिणामों की घोषणा 5 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी।

## शौर्य यात्रा को लेकर निकाली वाहन रैली



**नलखेड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा मंगलवार को निकाले जाने वाली शौर्य यात्रा पद संचलन की पूर्व संध्या पर सोमवार को नगर में वाहन रैली निकाली गई। विहिप बजरंग दल ने सोमवार सायं लखुंदर नदी के तट पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर से रैली निकाली। रैली में कार्यकर्ता अपने हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए थे। रैली नगर के प्रमुख मार्गों सरदार पटेल चौराहा शिवाजी चौराहा गणेश चौराहा चौक बाजार किला रोड़ अशोक मार्ग ठाकुर मोहल्ला होते हुए मां बगलामुखी मंदिर मार्ग स्थित तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर में समापन हुआ। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मंगलवार को सुबह 11 बजे से शिवाजी चौराहे से शौर्य यात्रा पद संचलन निकलेगा। जोकि नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ तीर्थ यात्री सेवा सदन परिसर पहुंचेगा। शौर्य यात्रा में मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणी सेन महाराज की प्रतिमा पर छतरी होगी स्थापित



**देवास।** वार्ड 25 मे सिविल लाईन मे सेन समाज के संत शिरोमणी सेन जी महाराज की विराजित प्रतिमा पर राजस्थानी लाल पत्थरों की आकर्षक छतरी स्थापित की जाएगी जिसके निर्माण कार्य का शिला पूजन नगर निगम सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल द्वारा वार्ड पार्षद व निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन के साथ किया गया। नेता सत्तापक्ष सेन ने बताया कि संत शिरोमणी सेन महाराज की प्रतिमा स्थल को सुसज्जित कर आकर्षक बनाए जाने हेतु प्रतिमा पर 25 लाख की लागत की छतरी लगाई जाएगी। लाल पत्थरों पर नक्काशी कर छतरी राजस्थान से निर्मित होकर आई है। प्रतिमा स्थल पर कारीगरों द्वारा 15 दिवस के अन्दर छतरी का कार्य पूर्ण किया जाकर स्थल को सुन्दर रूप प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ स्वामी योगेन्द्र भारती, राजेन्द्र राठौर, कचरूलाल वर्मा, महेश बोडाना, राजेश वर्मा, अरूण परमार, एडवोकेट अर्जुन वर्मा, जीतु चौहान, राकेश वर्मा, राहूल राठौर, हरिश श्रीवास, अनिल वर्मा, अजय परमार, कमलेश श्रीवास, संजय सेन, अभय श्रीवास, राहूल श्रीवास, जितु राठौर आदि समाजजन व बडी संख्या मे उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कवि शशिकांत को मिला सम्मान

**देवास।** प्रदेश की गौरवशाली साहित्य संस्था मध्यप्रदेश लेखक संघ भोपाल का साहित्यकार सम्मान समारोह 28 दिसंबर 2025 को भोपाल मानस भवन के पंडित राम किंकर उपाध्याय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं कार्याध्यक्ष मानस भवन रघुनंदन शर्मा ने की। मुख्य अतिथि साहित्यकार शिक्षाविद, कुलाधिपति आरएनटीयू संतोष चौबे थे। सारसस्वत अतिथि मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी निदेशक डॉ. विकास दवे तथा मध्यप्रदेश लेखक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. रामवल्लभ आचार्य, अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी एवं लेखक संघ के समस्त पदाधिकारियों, विभिन्न विधाओं में अलग-अलग सम्मानों से सम्मानित होने वाले साहित्यकारों एवं संघ के सैकड़ों आजीवन व वार्षिक सदस्यों की गरीमामयी उपस्थिति में भव्य सम्मान समारोह में देवास के राष्ट्रीय कवि को सम्मानित किया गया।

पूर्व में भी आरोपियों पर चोरी व मारपीट संबंधी अपराध है पंजीबद्ध

# ट्रक कटिंग करने वाले कंजर गिरोह का पर्दाफाश, थाना टोंकखुर्द ने की कार्रवाई

08 SANSUI कंपनी की एलईडी टी.वी., मोटरसाइकिल, कटर एवं नगद राशि जप्त, 05 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में हो रही ट्रक कटिंग की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर गया मश्रुका बरामद कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में 10 दिसंबर को फरियादी जसराम पिता जबर सिंह यादव निवासी ग्राम बूटा जिला ईटावा (उत्तर प्रदेश) द्वारा थाना टोंकखुर्द आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह स्वयं के ट्रक को चलाकर ले जा रहा थे,इसी दौरान अज्ञात आरोपियों द्वारा ट्रक कटिंग कर SANSUI कंपनी की 13 LED TV चोरी कर ली गईं। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना टोंकखुर्द में अपराध क्रमांक 597/2025 धारा 303(2) BNS का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में एसडीओपी सोनकच्छ दीपा मांडवे के निर्देशन में थाना प्रभारी टोंकखुर्द निरीक्षक आलोक सोनी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर आगरा-बॉम्बे हाईवे पर लगे सीसीटीव्ही फुटैज चेक किये गये । सीसीटीव्ही फुटैज में आरोपियो के द्वारा चोरी की घटना कारित करने उपरान्त भागना कैद हुआ । उक्त सीसीटीव्ही फुटैज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी विकास गुदेन पिता धर्मेन्द्र गुदेन निवासी कंजर डेरा देवमुंडला थाना टोंकखुर्द को गिरफ्तार किया गया,जिसके कब्जे से 01 SANSUI LED TV जप्त कर पुछताछ के दौरान बताये गये बयान के आधार पर आरोपी आर्यन हाड़ा पिता बबलू हाड़ा एवं पंकज गुदेन पिता राजेश गुदेन निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 02 SANSUI LED TV, 38,000/-,01 मोटरसाईकिल,01 कटर जप्त किया एवं आरोपी मोड सिंह पिता प्रभूलाल एवं सतीश कंजर पिता गलिया कंजर निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 SANSUI LED TV,एक मोटरसाइकिल एवं 53,000/- नगद जप्त किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस ने आरोपियों के पास से SANSUI कंपनी की 08 LED TV, 02 मोटरसाइकिल (हीरो होण्डा स्पेलेण्डर), 01 कटर और 91,000/- नगद राशिकुल 3,25,000/- का मश्रुका जप्त किया है।

#### आपराधिक रिकॉर्ड

अपराधी विकास गुदेन पिता धर्मेन्द्र गुदेन निवासी कंजर डेरा देवमुंडला थाना टोंकखुर्द पर पूर्व में देवास जिले में तीन अपराध, पंकज उर्फ रोहित पिता राजेश गुदेन उम्र 22 साल निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द जिला देवास पर तीन अपराध जिला देवास और सीहोर, आर्यन पिता बबलु हाडा उम्र 19 साल निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द जिला देवास पर 2 अपराध, सतीश पिता गलिया कंजर उम्र 26 साल निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द जिला देवास पर 08 अपराध उज्जैन शाजापुर इंदौर में,मोडसिंह पिता प्रभुलाल सिंह कंजर उम्र 56 साल निवासी कंजर डेरा सामगी थाना टोंकखुर्द जिला देवास पर जिला देवास में 22 अपराध पंजीबद्ध है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी टोंकखुर्द निरीक्षक आलोक सोनी,उनि चेतन यादव,सउनि नितिन सिंह, प्रआर सुनील रावत,आर आलोक बरूआ,रमन मिश्रा, धर्मेन्द्र चावड़ा, मआर राधा राठौड़,सुभाष बोडाना, भुवनेश पाठक, आलोक कानूनगो एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान व शिवप्रताप सिंह सेगंर की सराहनीय भूमिका रही ।

# औद्योगिक क्षेत्र कंपनी में लगी भीषण आग

घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के इंदौर रोड़ स्थित औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुंदरम सीड्स एंड प्रोटीन कंपनी में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे आग लग गई। सूचना मिलने के बाद नगर निगम से तीन और बीएनपी से एक दमकल मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कंपनी में बड़ी संख्या में बारदान रखे हुए थे, जिससे आशंका है कि आग तेजी से फैली होगी। आग लगने के समय कंपनी में काम कर रहे सभी कर्मचारी समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।आग की चपेट में कंपनी के समीप स्थित एक स्क्रैप कंपनी भी आ गई, जिससे वहां भी नुकसान हुआ है। आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर से धुएं के घने गुबार उठते दिखाई दिए, जिससे आसपास के क्षेत्र में सतर्कता बरती गई। प्रशासन और पुलिस बल भी तत्काल मौके पर पहुंच गया था। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुंदरम सीड्स कंपनी में आग लगी थी। उन्होंने पुष्टि की कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से फॉल्ट होने की बात सामने आई है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा। आग से हुए नुकसान का आकलन अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# आयुक्त ने सुबह किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर की सफाई कार्य व्यवस्था मे कसावट लाने हेतु वार्डो मे आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वार्डो मे निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था सुचारू नही होने एवं जगह जगह पर कचरा, गंदगी पाई जाने पर वार्ड 31 के दरोगा विजय सांगते व वार्ड 32 के दरोगा अनिस सांगते के वेतन काटने के निर्देश जारी किये गये। आयुक्त द्वारा प्रातः 8 बजे से प्रातः 10 बजे तक निरीक्षण मे वार्ड 5, 30, 31, 32 चार वार्डो मे सघन रूप से निरीक्षण किया गया। इन वार्डो मे समय पर कचरा नही उठने से जगह जगह पर कचरे के ढेर लगने से क्षेत्रों मे गंदगी व्याप्त थी तथा कुछ स्थानों पर कचरे को जलाया भी गया था। वहीं मुख्य मार्ग के आसपास कचरा सफाई के अभाव मे फैला पाया गया। इस पर आयुक्त ने मौके पर दरोगाओं के द्वारा सफाई कार्यो मे लापरवाही करने पर उक्त दरोगाओं के वेतन काटने के निर्देश प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को दिये।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**देवास।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हुई नृशंस और अमानवीय घटनाओं के विरोध में जिले के समग्र हिंदू समाज ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर भारत सरकार से ठोस हस्तक्षेप की मांग की है। ज्ञापन में बांग्लादेश में रह रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई घटनाएं मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हैं, जो न केवल मानवता और सभ्यता के मूल्यों के विरुद्ध हैं, बल्कि क्षेत्रीय शांति और सौहार्द को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

### आयुक्त ने की समीक्षा बैठक



**देवास।** सोमवार को आयुक्त दलीप कुमार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा अधिकारियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, रात्रि कालीन सफाई, नाली, नालों की नियमित सफाई, सड़कों, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा गाड़ियों का सही संचालन और निपटान आदि कार्यों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।नई सर्वेक्षण की गाइडलाइन में एयर क्वालिटी इंडेक्स, नागरिक फीडबैक, पर्यटन स्थलों की विशेष सफाई, स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता एवं सीएनडी वेस्ट प्रबंधन को शामिल किया गया है। बैठक के दौरान निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, उपयंत्री विजय जाधव, श्याम सुन्दर रघुवंशी, राजेश कौशल, पलक श्रीवास्तव, स्वच्छत भारत मिशन से विश्वजीतसिह, अरूण तोमर, स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, रवि गोयनार, हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शैक्षणिक व जागरूकता गतिविधि आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोंककला में देश अपनाए सहयोग फाउंडेशन के तत्वावधान में सोमवार को एक शैक्षणिक एवं जागरूकता संबंधी गतिविधि आयोजित की गई।

इस अवसर पर संवैधानिक कहानी विषय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह चावड़ा द्वारा विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की मूल भावना, अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी गई। साथ ही विष्णु प्रसाद आर्य एवं इंदर सिंह पटेल द्वारा भी संविधान की उपयोगिता, उसके महत्व तथा दैनिक जीवन में संविधान की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने गतिविधि में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंत में संदीप बघेल द्वारा अतिथि मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इस प्रकार की उपयोगी एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन पर बल दिया।

# भैरव अष्टमी पर सुपर मार्केट में हुआ विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर देवास सुपर मार्केट व्यापारी सामाजिक कल्याण समिति द्वारा श्री अश्वारूढ़ भैरव बाबा मंदिर परिसर, सुपरमार्केट जवाहर चौक में भैरव बाबा का विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह आयोजन समिति द्वारा लगातार 12वें वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समिति के संतोष वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भैरव अष्टमी पर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देवास विधायक गायत्री राजे पवार उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि नितिन आहूजा सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। इस अवसर पर भैरव बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। 28 दिसंबर को भैरव बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की सफलता पर पूर्व पार्षद अर्जुन यादव ने सभी सहयोगियों, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अमित नागर द्वारा सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुंजापुरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसूति कक्ष और प्रसूति वार्ड, कोल्ड चैन वार्ड का निरीक्षण कर साफ सफाई नियमित रूप से करने के लिए उपस्थित चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुंजापुरा में कम प्रसव होने पर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अनिल धनगर को आशाओं की बैठक लेकर प्रसव बढ़ाने के लिए कहां गया। आमजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए भी निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए। पलासी उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएचओ सतनाम मुले द्वारा उपस्थिति रजिस्टर संधारण नहीं करने, ओपीडी का संचालन नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने के.पी. कॉलेज में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय के.पी. महाविद्यालय देवास में व्याप्त शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने सोमवार को जमकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। पुलिसकर्मियों से मामूली झडप भी देखने को मिली। उसके बाजवूद भी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने व्याप्त समस्याओं के बीच गेट पर तालाबंदी कर दी व जमकर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष श्रीकांत चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में ताला जडक़र विरोध जताया और कॉलेज प्राचार्य एस.पी. सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थान पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के.पी. कॉलेज में विद्यार्थियों को निरंतर बढ़ी हुई फीस चुकानी पड़ रही है, लेकिन उसके अनुरूप आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कक्षाओं की स्थिति, पुस्तकालय, शौचालय, पेयजल एवं बैठने की व्यवस्था अत्यंत असंतोषजनक बनी हुई है। एनएसयूआई ने प्राध्यापकों की भारी कमी पर भी चिंता जताई। कई विषयों में नियमित प्राध्यापक नियुक्त नहीं होने से कक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से योग एवं व्यक्तित्व विकास जैसे अनिवार्य विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से नहीं लग पा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर असर पड़ रहा है। एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन से उक्त सभी समस्याओं के साथ अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो एनएसयूआई द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों का समाधान नहीं किया गया तो एनएसयूआई द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की रहेगी। एनएसयूआई नेताओं ने कॉलेज प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। ज्ञापन का वाचन विशाल बामनिया ने किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस देवास विधानसभा अध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह गौड़, युवा कांग्रेस जिला महासचिव कुशवाह, लाख ठाकुर, राजा धाकड़, अभिषेक चौहान, पृथ्वीराज सिंह, अजय जैसवाल चौहान, मनजीत ठाकुर, सोहन मंडलोई, शुभम चौहान, प्रत्यूष चौहान, विशाल बामनिया, धनंजय मालवी, संजय बोडाना, शिवांश, अमन बोडाना, दीपक मालवीय एवं मीडिया प्रभारी दीपक पटेल सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने छात्र छात्राओं का किया परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय बागली में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। प्राचार्य प्रकाश डाबी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की टीम द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। 10 प्रकार की जांच निःशुल्क की गई। इस दौरान डॉ. मनोज वर्मा ,डॉ. पपीता सोलंकी, मानिसी गुप्ता, इंद्रपाल सिंग, कुलदीप परमार,विकास यादव, बलराम सिंहल, देवराज द्वारा सभी छात्र-छात्राओं के जांच सैंपल लेकर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। साथ ही सभी को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली की स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य और हेल्थ को ध्यान में रखते हुए शासन के नियम अनुसार यहां पर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से सभी स्वास्थ्य टीम के सदस्यों का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप




### आरोग्य भारती की मासिक बैठक संपन्न

**ललितपुर।** आरोग्य भारती की मासिक बैठक डा.हर्ष शर्मा के क्लीनिक ग्राम देवरान में प्रांतीय कार्यकारिणी अरविंद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम अरविंद पांडे ने छात्रों को आरोग्य भारती के संबंध में जानकारी की एवं स्वास्थ्य के प्रति किस प्रकार जागरूक रहकर निरोगिता प्राप्त की जा सकती है जिसमें आहार विहार सुपाच्य विरुद्ध आहार दिनचर्या आदि अनेक बिंदुओं को विस्तृत रूप में समझाया, जिसका लाभ उपस्थित युवा शक्ति छात्र-छात्राओं को हुआ। जिलाध्यक्ष डा.दीपक चौबे ने बच्चों से धूम्रपान मद्यपान आदि नसे से बचने की सुझाव दिया एवं जल्द ही ग्राम में चिकित्सीय कैंप रखने का प्रस्ताव दिया। अंत में उपाध्यक्ष अजय रावत ने आभार जताया। उन्होंने आहार बिहार को जीवन में उतारने एवं निरोगिता प्राप्त करने का सुझाव दिया। संचालन डा.हर्ष शर्मा ने किया। अरविंद पांडे, डा. दीपक चौबे, अजय रावत, डा.हर्ष शर्मा, कृष्णपाल पाटकर, दीपेंद्र बुंदेला, सुखनंदन पाल, देवेंद्र यादव एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### एकराय होकर मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम धौर्रा में रहने वाले रामसेवक पुत्र मनसुख अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 28 दिसम्बर को सुबह करीब 12 बजे अपने खेत से घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गोटी पुत्र हरप्रसाद अहिरवार, अंगूरी पत्नी गोटी, आरती पत्नी अभिषेक आये और गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव करने आये भगवानदास पुत्र मनसुख के साथ भी मारपीट की और धमकाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रिक्शा हटाने को लेकर मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट के मोहल्ला चौबयाना में रहने वाले रूपल झां पुत्र सुरेन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 27 दिसम्बर को शाम करीब 8.30 बजे पुराने बस स्टैंड पर खड़ा था, तभी वहां एक रिक्सा चालक आया और रास्ते के बीच रिक्सा खड़ा कर दिया। जब उसने रिक्शा हटाने को कहा तो रिक्सा चालक ने गालियां दीं। मना करने पर उक्त चालक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उससे मारपीट कर दी। रिक्शा चालक वार्ड नं. 7 चौबयाना निवासी शिवा योगी, उसका दोस्त खांदी रोड निवासी अभी बाल्मीकि पुत्र संजीव बाल्मीकि व बस स्टेण्ड निवासी रूपेश चतुर्वेदी पुत्र हरिकिशन ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मीटिंग की वीडियोग्राफी करने से रोका,धमकाया

**ललितपुर।** मड़ावरा निवासी अधिवक्ता नूर निजाम ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 5 बजे वह मड़ावरा निवासी मु.जाकिर हुसैन पुत्र मुजीम खां के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम चादर शरीफ में बाबा मस्तान शाह की मजार पर एकत्रित हुये। तभी वहां मौजूद गांव के दबंग व्यक्ति शहबाज खां व अरबाज खां आये और उसके भाई को मीडिया कवरेज करने को रोकने लगे। अगर कवरेज किया तो जान से मार देंगे और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोग आग-बबूला हो गये और कहने लगे कि ज्यादा वकील न बनो वरना तुम्हें कहीं भी निपटा देंगे और अब कभी मस्जिद में भी दिखाई नहीं देना और ना ही किसी सामाजिक कार्यक्रम में मीडिया कवरेज करे। आरोप है कि उक्त लोगों ने समाज में माहौल खराब करने की नीयत से ऐसे प्रकरण को बढ़ावा दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की जानी हकीकत

# ईओ नपा की अनुपस्थिति व सफाई कर्मचारियों के उत्पीड़न पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रामसिंह बाल्मीकि, सदस्य सेन्ट्रल मॉनीटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सोमवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने एक-एक कर सभी विभागों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए चलायी जा रही योजनाओं की प्रगति व लाभार्थियों के आच्छादन की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिये कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, इसमें लापरवाही करने वालों की रिपोर्टिंग शासन स्तर पर की जाएगी।

बैठक के दौरान उपस्थित सफाईकमर्चारियों ने आरोप लगाते हुए सदस्य को अवगत कराया नगर पालिका द्वारा उन्हें आवश्यक उपकरण व स्वच्छता



सामग्री आदि उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं, साथ ही आर्थिक लाभ लेकर कर्मचारियों का रखने व निकलाने का कार्य किया जाता है, इसके अलावा उन्हें अनुमन्य लाभ ईपीएफ, मुत्यु उपरान्त लाभ भी नहीं दिये जाते। मौके पर सदस्य द्वारा अधिशासी अधिकारी को तलब किया, वे मौके पर अनुपस्थित थे। सदस्य ने अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति व कार्मिकों के आरोपों पर कड़ी नाराजगी जाहिर



करते हुए निर्देश दिये कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए सफाई कर्मचारियों को आवश्यक उपकरण व अनुमन्य लाभ अनिवार्य रुप से उपलब्ध कराये जायें, यदि ऐसा नहीं किया जाएगा तो इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

उन्होंने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान अनुसूचित जाति/जनजाति निवारण अधिनियम के तहत पीढ़ति, पीढ़िताओं के लिए सरकार द्वारा अनुमन्य राहत राशि सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली और निर्देश दिये कि उक्त योजनाओं के आच्छादन में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, डूडा, ग्राम्य विकास विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की और शत-प्रतिशत आच्छादन के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिहं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### वार्षिक शतक संकल्प उत्सव एवं देहदान अंगदान जन जागृति कार्यशाला हुई

## शांति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यशाला में जुटे लोग

# देहदान व अंगदान करने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मानवता, चिकित्सा शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को एक सूत्र में पिरोने वाली देहदान जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बांसी में भव्य रूप से किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डीएम के प्रतिनिधि एवं एडीएम (न्यायिक) अविनाश यादव ने किया। उन्होंने देहदान को महादान बताते हुए कहा कि यह ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे एक व्यक्ति के देह त्याग के बाद भी समाज और चिकित्सा जगत को जीवन देने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर देहदान और अंगदान के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाना आज की बड़ी आवश्यकता है।

कार्यशाला का आयोजन शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया, जिसने अपने अल्पकालिक लेकिन प्रभावशाली एक वर्ष के कार्यकाल में उल्लेखनीय उपलब्धियां हांसिल की हैं। ट्रस्ट द्वारा अब तक 2 मानव देह एवं 100 से अधिक देहदान एवं अंगदान के संकल्प पत्र एकत्र किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा न केवल संस्था की सक्रियता को दर्शाता है, बल्कि समाज में बढ़ती जागरूकता और विश्वास का भी प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कम समय में यह उपलब्धि किसी भी सामाजिक संस्था के लिए प्रेरणादायक है। कार्यशाला में वक्ताओं ने विशेष रूप से इस तथ्य को रेखांकित किया कि शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट वही संस्था है, जिसने ललितपुर मेडिकल कॉलेज के मेडिकल छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन और प्रशिक्षण हेतु 2



मानव देह तथा 61 देहदान के संकल्प पत्र मेडिकल कॉलेज प्रशासन को जमा कराए थे। इन मानव देहों के माध्यम से भविष्य के डॉक्टरों को वास्तविक शारीरिक संरचना को समझने का अवसर मिलता है, जो पुस्तकीय ज्ञान से कहीं अधिक प्रभावी होता है। चिकित्सा शिक्षा में देहदान की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि समाज आगे आकर देहदान को स्वीकार करे, तो मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में गुणात्मक सुधार संभव है। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक संवेदनशील और गंभीर मुद्दा भी सामने आया। जिस संस्था ने मेडिकल कॉलेज के लिए इतना महत्वपूर्ण योगदान दिया, उसी संस्था के कार्यक्रम में मेडिकल प्रशासन की सहभागिता न होने पर मंच से अफसोस व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आमंत्रण पत्र में स्पष्ट रूप से प्रधानाचार्य को अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने के बावजूद कोई भी प्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुआ। इसे सामाजिक सरोकारों के प्रति उदासीनता बताते हुए ऐसे व्यवहार की निंदा की गई। कार्यशाला में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि देहदान जैसे संवेदनशील विषय पर प्रशासन, चिकित्सा विभाग और सामाजिक संस्थाओं के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। यदि सभी पक्ष मिलकर कार्य करें, तो समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल प्रशासन की उपस्थिति से कार्यक्रम को और अधिक बल मिलता तथा समाज में सकारात्मक संदेश जाता, लेकिन उनकी अनुपस्थिति से एक गलत संकेत गया है, जिस पर आत्ममंथन की आवश्यकता है। कार्यक्रम में देहदान और अंगदान की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और धार्मिक भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि देहदान पूर्णतः कानूनी और सम्मानजनक प्रक्रिया है, जिसमें दानदाता की गरिमा और भावनाओं का पूरा ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि देहदान करने वाले व्यक्ति का अंतिम संस्कार चिकित्सा उपयोग के बाद पूरे सम्मान के साथ किया जाता है। साथ ही यह भी बताया गया कि अधिकांश धर्मों में देहदान और अंगदान को मानव सेवा के रूप में स्वीकार किया गया है। एडीएम ने कहा कि प्रशासन समाजहित के ऐसे प्रयासों के साथ खड़ा है और भविष्य में भी देहदान जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे आगे आकर देहदान और अंगदान का संकल्प लें, ताकि चिकित्सा शिक्षा और शोध को मजबूती मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि एक व्यक्ति का लिया गया यह संकल्प अनेक जिंदगियों को दिशा दे सकता है। कार्यक्रम में जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ समाजसेवी, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में शान्ति देहदान चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बताया। समाजसेवियों ने कहा कि देहदान जैसे विषय पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों के मन से भय और संकोच दूर हो सकें। कार्यशाला के अंत में उपस्थित लोगों को देहदान एवं अंगदान के संकल्प पत्र भी भरवाए गए। कई लोगों ने मौके पर ही संकल्प लेकर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में और अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ेंगे और बांसी सहित पूरे जिले में देहदान को लेकर सकारात्मक वातावरण बनेगा। कुल मिलाकर, बांसी में आयोजित यह देहदान जनजागरूकता कार्यशाला न केवल एक सामाजिक आयोजन रही।

---

### मानीटरिंग कमेटी की बैठक संपन्न

## अटल स्मृति सम्मेलन के साथ एसआईआर पर कार्यशाला होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर


भारतीय जनता पार्टी के विधान सभा ललितपुर के अटल स्मृति सम्मेलन एवं एस आई आर की द्वितीय कार्यशाला के आयोजनों की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी की मानीटरिंग कमेटी की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की और संचालन एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने बताया कि 30 दिसम्बर दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से स्थान अमर पैलेस में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा ललितपुर का अटल स्मृति सम्मेलन एवं एसआईआर कार्यक्रम की द्वितीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि,जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा, प्रकोष्ठ के संयोजकों सहित समस्त बी एल ए टू को आमंत्रित किया गया है।इस कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म शताब्दी अवसर पर चल रहे जन्म सप्ताह के अन्तर्गत विधानसभा ललितपुर का अटल स्मृति सम्मेलन मनाया जा रहा है। जिसमें मां अटल जी के संस्मरण एवं काव्यपाठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया जायेगा। इसके अलावा वी एल ए टू के माध्यम से एस आई आर की प्रगति पर समीक्षा की जायेगी। जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने सभी अपेक्षितों से आयोजन में सम्मिलित होने की अपील की है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, बंशीधर श्रीवास, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार पाठक, प्रांतीय प्रतिनिधि शशिशेखर पांडेय, लक्ष्मी रावत,रुचिका बुन्देला,रजनी अहिरवार, रमेश कुमार कुशवाहा नझाई,दीपक पाराशर, सुनीता पंथ, किंजल्क हुड्डैत, कृष्ण बिहारी कुशवाहा एड आदि उपस्थित रहे।

---

### सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि

## पंतजी के काव्य का प्रदेय विश्व एकता और मानव एकता का जयघोष करता है : शर्मा



**ललितपुर।** सुमित्रानंदन पंत की पुण्यतिथि पर आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि कविवर पंत की प्रथम रचना उछ्वास 1922 को प्रकाशित हुई तत्पश्चात ग्रन्थि प्रकाशित हुई। किन्तु काव्य जगत के महारथी की तीसरी रचना पल्लव ने उन्हें सर्वाधिक लोकप्रियता प्रदान की। भारतेन्दुजी हिन्दी गद्य के उन्नायक थे परन्तु कविताएं उस जमाने में ब्रज भाषा में ही लिखी जाती थी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भलीभांति यह समझ लिया था कि हिन्दी देश की ही नहीं अपितु विश्व की अन्ततः एकमात्र सबसे बड़ी सशक्त सम्पर्क भाषा की ओर अग्रसर है इसलिए खड़ी बोली हिंदी का भविष्य बहुत उज्जवल है। प्रारम्भ में राष्ट्रकवि गुप्तजी भी ब्रजभाषा के प्रेमी थे किन्तु द्विवेदी की प्रेरणा से उन्होंने खड़ी बोली की उँगली पकड़कर उसे चलना सिखाया। कालान्तर में प्रसाद, पंत और निराला की त्रिवेणी ने खड़ी बोली की खड़खड़ाहट को दूर करके उसे अभूतपूर्व कोमलता प्रदान की। हिन्दी जगत में छायावाद का आविर्भाव कवीन्द्र रवीन्द्र द्वारा प्रतिपादित विश्वबन्धुत्व और मानव एकता के विश्वव्यापी आन्दोलन से हुआ। सुमित्रानंदन पन्त का मानना है कि मानव मन की परिस्थितियों में एकता, संतुलन, समन्वय तथा संयोजन लाने का गम्भीर प्रयत्न वैदिक युग से लेकर आज तक चल रहा है।

---

### समिति ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## आदिवासी समुदाय को मिलें अधिकार

**ललितपुर।** मुरारीलाल जैन आदिवासी कल्याण समिति के तत्वावधान में ज्ञापन राष्ट्रपति दिल्ली को जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया, जिसमें भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत निवासियों का अधिनियम पास कर प्रदेश सरकारों को उसके तुरंत लागू करने का आदेश किया गया था, लेकिन 19 वर्षों के बाद भी ललितपुर जनपद में किसी भी आदिवासी सहरिया जाति के लोगों को खेती के पट्टे नहीं दिए गए हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि अनुसूचित जाति और अन्य परंपरागत अधिकारों को मान्यता दी जाए और संशोधन सहित उक्त कानून को लागू किया जाए। वन में निवास करने वाले ऐसी आदिवासी अनुसूचित जनजाति के लोगों को जो वनों में निवास कर रहे हैं, अधिकार दिलाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से सभी आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वनवासियों को 2006 बना डकार कानून लागू



कर तुरंत ही सहरिया आदिवासी जाटों को कृषि जमीन के पटे किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजकिशोर जैन एड., आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, महासचिव अनूप ताम्रकार, मंत्री रमेश कुमार, मीना, गणेशराम रजक, सुमन, ज्योति, प्रमोद नामदेव एड., महेंद्र पाराशर एड., रतन, सुखवाती, नन्हीं बाई, प्रेम, पंचू, चालीलाल, जानकी, देशराज, परम, श्याम, महीपत, बहादुर, मुकुंदी, हीरा, अमोल, मनजीत, रामदास, अर्जुन, रोशन आदि मौजूद रहे।

---

### विद्युत विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

## सरकारी दस्तावेज फाड़े, डंडा व पत्थरों से किया हमला, जान बचाकर भागे

**ललितपुर।** बिजली जांच करने गयी विभागीय टीम पर विद्युत चोरी कर रहे परिवार से मां-बेटे ने डण्डा और पत्थर से हमला कर दिया गया। विद्युत विभाग की टीम को जान बचाकर मौके से भागना पड़ा। इस हमले से सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा डाली गयी और सरकारी दस्तावेज फाडने से मामला गंभीर हो गया है। लिहाजा, उपखण्ड अधिकारी प्रथम की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मूलरूप से झांसी के तालपुरा अम्बेड़कर नगर सिंधी कालोनी निवासी संजय सागर पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि वह ललितपुर में उपखण्ड प्रथम के पद पर तैनात हैं। शासन द्वारा वर्तमान में आयोजित बिजली बिल राहत योजना अंतर्गत उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर वह अपनी टीम में महेन्द्र पाल सिंह टी.जी. 2 व संविदा कर्मियों में राजेश, मनीष, गोकुल, अभिषेक श्रीवास्तव, देवेन्द्र खरे के साथ रविवार को शाम करीब 4.40 बजे शहर के मोहल्ला वंशीपुरा में बकायेदार उपभोक्ताओं के ओटीएस में रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे थे। इस दौरान उपभोक्ता देवकुमारी पत्नी हरीराम के संयोजन की जांच हुयी तो पता चला कि सोनू पुत्र राजू द्वारा मीटर की सर्विस केबिल के अतिरिक्त अलग से केबिल डालकर सीधे विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। जब उक्त व्यक्ति से विद्युत चोरी के बारे में पूछा तो नर्मदा पत्नी राजू व उसके पुत्र सोनू ने गालियां देते हुये घर के बाहर आ गये और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगे। आरोप है कि दोनों ने सरकारी कागज भी फाड़ दिये। टीम ने जब उन्हें समझाया तो उक्त लोग आवेश में आकर हाथ में डण्डा और पत्थर से मारते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। उपखण्ड अधिकारी के अनुसार वह किसी प्रकार अपनी टीम के साथ मौके से भाग निकले और उक्त प्रकरण का वीडियो बनाकर फोन में सुरक्षित कर लिया। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### पाल समाज करेगा पाल भवन का शीघ्र निर्माण

## भूमि क्रय करने की प्रक्रिया में जुटा समाज

**ललितपुर।** अखिल भारतीय पाल महासभा एवं राजमाता अहिल्याबाई होल्कर समाज उत्थान योजना एसोसिएशन (रहस्य) की संयुक्त बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश पाल के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जनपद के निर्धन, गरीब एवं मेधावी छात्र छात्राओं के लिए निशुल्क आवास उपलब्ध कराने हेतु विशाल पाल भवन के निर्माण का संकल्प लिया गया तथा भूमि का चयन करने की जानकारी दी गई। बैठक में कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में जिला अध्यक्ष इंजीनियर बीके पाल ने कहा कि जनपद में पाल समाज के छात्र छात्राओं के अध्ययन हेतु कोई भी समाज का भवन न होने के कारण गरीब, असहाय एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अध्ययन करने में असुविधा हो रही है. कई परिवार ऐसे हैं जो धन के अभाव में अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ देते हैं, ऐसे छात्र-छात्राओं के हित को



ध्यान में रखते हुए जनपद ललितपुर की पाल समाज ने पाल भवन छात्रावास के निर्माण का संकल्प लिया है, यह संकल्प हम सभी के सामूहिक प्रयास से सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम रचनात्मक कार्य नहीं करेंगे तब तक समाज का झुकाव सामाजिक कार्यों की ओर हो नहीं सकता है, समाज के प्रत्येक नागरिक को ऐसे कार्य करना चाहिए।

---

### साफ सफाई, लाइट व्यवस्था एवं सड़क समतली करण की मांग की

## गुरु गोबिंद सिंह प्रकाश पर्व की शोभायात्रा एक जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा के नेतृत्व में एक ज्ञापन ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा को दिया, जिसमें 1 जनवरी 2026 को गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व की खुशी में निकल रही शोभायात्रा के दौरान मार्ग में साफ सफाई व्यवस्था लाइट व्यवस्था एवं सड़क समतली करण व्यवस्था कराए जाने की मांग की।

अध्यक्ष ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व 5 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा भावना व धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर पर 1 जनवरी को दिन गुरुवार को नगर कीर्तन शोभायात्रा जो की गुरु



नानक धर्मशाला वर्णी कालेज से दोपहर 2.30 बजे प्रारंभ होगी जो की वर्णी कॉलेज चौराहे से, तुवन चौराहा, सदर कांटा, घंटाघर, वीर सावरकर चौक, आजाद चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में समापन होगा। इस दौरान विशेष शोभायात्रा में विशेष आकर्षण के तौर पर दिलेर खालसा इंटरनेशनल गतका पार्टी (अखाड़ा पार्टी) अपना विशेष प्रदर्शन करेंगे। वहीं गुरु ग्रंथ साहिब की सुंदर पालकी बस में फूलो साजी हुई सुशोभित होकर निकलेगी आप सभी नगर वासियों से आह्वान किया कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर शोभा बढ़ाएं। इस दौरान संरक्षक जितेंद्र सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कौर वालिया, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, मंत्री मनजीत सिंह पत्रकार, चरणजीत सिंह, ऑडिटर राजू सिंधी, आनंद सिंह, कन्हैयालाल सिंधी, गोपी सिंधी, हरीश कपूर टीटू, वरुण कालरा, अवतार सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, आदि व्यवस्था में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के 7 सदस्यीय दल ने प्रस्तुत की रिपोर्ट, बताया कुछ ही सामान जला, कम क्षति

# अस्पताल आगजनी में जांच टीम बोली कम हुआ नुकसान, दस्तावेज सुरक्षित!

आमजनों की मांग-अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से करवाई जाए पूरे मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला अस्पताल परिसर के स्टोर रूम में विगत दिनों हुई आगजनी की घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच के लिए गठित टीम को कोई ज्यादा नुकसान नजर नहीं आया है। स्वास्थ्य विभाग के दवा स्टोर में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना के बाद रविवार को जांच समिति ने राहत भरी रिपोर्ट पेश की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा गठित विशेष समिति ने स्टोर का सूक्ष्म निरीक्षण किया जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि अस्पतालों में दवाइयों की सप्लाई पर इस घटना का कोई असर नहीं पड़ेगा।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में डॉ. एलपी भकोरिया, डॉ. राजीव हरिओध, डॉ. अमित कोहली, डॉ. महेंद्रपाल सिंह सहित फार्मासिस्ट लोकेन्द्र शाक्यवार और दिनेश पारिक शामिल थे। टीम ने रविवार को स्टोर की प्रत्येक रैक और रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की। जांच का सकारात्मक पहलू यह है कि है अधिकांश स्टॉक सुरक्षित है। स्टोर में मौजूद कुल 186 रैकों में से केवल कुछ ही रैक का सामान आग की चपेट में आया था।

### वर्तमान रिकॉर्ड और दस्तावेजों के सुरक्षित होने का दावा

जांच टीम के अनुसार विभाग का वर्तमान रिकॉर्ड और महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह सुरक्षित हैं, जिससे ऑडिट और वितरण में कोई समस्या नहीं आएगी। अधिकांश दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भी सुरक्षित पाए गए हैं। आगजनी के बावजूद जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में दवाइयों की सप्लाई की कोई बाधा नहीं आएगी। स्वास्थ विभाग प्रशासन ने अब प्राथमिकता के आधार पर स्टोर के प्रभावित हिस्से को दुरुस्त करने की योजना बनाई है।

### आमजन बोले निष्पक्षता से नहीं हुई जांच

जिला अस्पताल के सीएमएचओ स्टोर रूम में हुई इस आगजनी की घटना के बाद आमजनों द्वारा लाखों रुपए की दवाईयां सहित अन्य उपकरणों के जलने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। इसके साथ ही लोगों ने स्वतंत्र एजेंसी या प्रशासन के अन्य उच्चाधिकारियों से मामले की जांच करवाने की मांग रखी थी। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने अपने ही विभाग के जिम्मेदारों को जांच सौंपी जिसमें टीम को ज्यादा नुकसान नजर ही नहीं आया है। स्थानीय लोगों का जांच टीम की रिपोर्ट पूरी तरह से संदेहास्पद है।

इस मामले में न किसी को दोषी पाया गया है और न ही स्टोर रूम के पूरे रिकार्ड जलने की बात सामने आई है। ऐसे में लोगों ने राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से मांग रखी है कि इस पूरे मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर अन्य विभाग के अधिकारियों से करवाई जाए ताकि पूरी हकीकत सामने आ सके।

### जल्द रिपेयर कर लेंगे

हमारे द्वारा गठित जांच टीम को ज्यादा रिकॉर्ड जला हुआ नहीं मिला। हम जल्द ही स्टोर रूम को रिपेयर कर लेंगे।

**- शोभा पटेल,** सीएमएचओ, राजगढ़

---

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विरोध जताते हुए किया प्रदर्शन

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची और जिपं अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



25 दिसम्बर को पीपल चैक ब्यावरा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण नगर पालिका ब्यावरा द्वारा समारोहपूर्वक किया गया, जो हर्ष का विषय है। साथ ही इस अवसर पर आयोजित समारोह में यह घोषणा की गई कि नगर का राजगढ़ रोड अब अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग होगा। जबकि राजगढ़ रोड सदैव से जवाहर मार्ग से जाना जाता है एवं शासकीय अभिलेख व नगर पालिका में उक्त मार्ग का नाम जवाहर मार्ग ही दर्ज है। इस संबंध में न तो नगर पालिका परिषद की बैठक में पूर्व में कोई चर्चा की गई थी, न ही कोई प्रस्ताव पारित किया गया था।

अतः यह दुख और खेद का विषय है कि जब उक्त मार्ग का नाम पूर्व से ही महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के निर्माता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू के नाम पर नामांकित है, तो उस मार्ग के नाम को परिवर्तित करने का प्रयास अनावश्यक व खेदपूर्ण है तथा स्व. पंडित नेहरू एवं स्व. अटल दोनों के महान व्यक्तित्व व गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

स्व. पंडित नेहरू आजादी के संघर्ष में सर्वाधिक समय जेल में बिताने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं तथा आधुनिक भारत के निर्माण में उनकी भूमिका तथा विश्व स्तर पर उनके विचार एवं व्यक्तित्व की स्वीकार्यता कभी भुलाई नहीं जा सकती है। भाजपा की विचारधारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महान सेनानियों और देश के निर्माण में योगदान देने वाले महानायकों की स्मृति को मिटाने पर आमादा है और यह प्रयास उसी श्रृंखला में है।

साथ ही नगर के पुराने अस्पताल परिसर में स्व. पंडित नेहरू का अति महत्वपूर्ण स्थल भी मौजूद है, जिसे भी संरक्षित और विकसित किए जाने की मांग इस ज्ञापन के माध्यम से हम मान्यवर से करते हैं।

ज्ञापन प्रस्तुत कर मांग कि गई कि नगर के जवाहर मार्ग (राजगढ़ रोड) का नाम यथावत रखा जाए कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोदीया पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर भारत वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, मोहन लोधी, राजकुमार जाट, फूलसिंह जाटव, पप्पू बना, लक्ष्मीनारायण यादव, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, ज्ञानु विजयवर्गीय, चैन सिंह गुर्जर गोपाल बना ज्ञानु विजयवर्गीय रचना भार्गव, गंगा चैहान, अशोक क्रांति, युनुस मोहम्मद आदि शामिल थे।

---

राजगढ़ के सराफा मार्केट में हुई चोरी लूट की घटना का मामला

# डकैती मामले के आरोपियों पर एक लाख 20 हजार का इनाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय पर करीब 12-15 की संख्या में आए अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने सर्राफा मार्केट में डकैती को अंजाम दिया था। चोरी, चोरी के प्रयास एवं लूट की उक्त गंभीर घटनाओं की पतारसी के लिए पुलिस विभाग ने पांच विशेष टीमें गठित की हैं जो हर एंगल से इस मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस मामले में आरोपियों का सुराग देने या पकड़वाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस महानिरीक्षक भोपाल अभय सिंह की अनुशंसा पर उक्त ईनाम राशि में बढ़ोतारी करते हुए हुए 1 लाख 20 हजार रुपए कर दिया गया है। जो कोई भी व्यक्ति इस प्रकरण में ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा जा सके, उसे यह ईनाम राशि दी जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।


मध्यरात्रि राजगढ़ मुख्यालय पर मचाया आंतक, सराफा व्यापारियों की दुकानों पर निशाना

आधी रात सर्राफा साफ, 5 से 6 लाख का माल ले उड़े हथियारबंद बदमाश

खास बातें
- एक जिन व्यापारी के यहां चोरी हुई घटना के कुछ समय बाद अटैक से उनका निधन
- पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना

शोर मचा तब भागे बदमाश

बांसवाड़ा क्षेत्र में युवकों ने दिखाया साहस

वारदात के कुछ घंटे बाद व्यापारी का निधन

इनका कहना है

### पुलिस ने दर्ज की हुई हैं 4 एफआईआर


उल्लेखनीय है कि 25 दिसंबर की मध्यरात्रि हथियारों से लैस बदमाश ने किला क्षेत्र में राजू सर्राफ, सचिन सोनी, मुकेश सोनी सहित एक अन्य की रिपोर्ट पर चोरी, लूट, लूट का प्रयास की धाराओं में एफआईआर दर्ज की हुई है। हथियारों से लैस होकर आए बदमाशों ने न केवल वारदात को अंजाम दिया बल्कि कुछ लोगों को घायल भी कर दिया था। इस वारदात के बाद सदमे में आए एक ज्वेलर की हृदयाघात से मृत्यु भी हो चुकी है। राजगढ़ नगर के स्थानीय लोगों द्वारा भी पुलिस से लगातार मांग की जा रही है मुख्यालय पर खुलेआम दहशत फैलाकर वारदात को अंजाम देने वाले इन बादमाशों को जल्द से जल्द पता लगाया जाना चाहिए।

---

पुलिस, प्रशासन के हस्तक्षेप के उपरान्त हो सका अंतिम संस्कार

# मुक्ति भी आसान नहीं, सरेड़ी में रोकी वृद्धा की अंतिम यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय समीपस्थ सरेड़ी ग्राम में एक वृद्धा की अंतिम यात्रा में कुछ लोगों द्वारा अनावश्यक रूप से व्यवधान डालने का मामला सामने आया है। मुक्तिधाम जा रही अंतिम यात्रा में हुए व्यवधान के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और हालात वाद-विवाद तक पहुंच गया। मामले की सूचना के बाद तहसीलदार अनिल शर्मा, टीआई अखिलेश वर्मा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा तब कहीं जाकर बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार हो पाया। बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला मुक्तिधाम मार्ग पर किए गए बेजा कब्जे से जुड़ा हुआ था लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात को सिरे से खारिज किया है।

सरेड़ी गांव निवासी मेथीबाई पत्नी शिवसिंह वर्मा का रविवार को देहावसान हुआ था। मेथीबाई की पार्थिव देह को अंतिम संस्कार के लिए निकट के मुक्तिधाम ले जाया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों ने अंतिम यात्रा में रुकावट डाली और मौके पर तनाव जैसी स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी लगते ही तहसीलदार अनिल शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। बाद में मुक्तिधाम मार्ग के अतिक्रमण को स्थानीय पंचायत द्वारा जेसीबी से साफ करवाया गया तब कहीं जाकर स्वर्गीय मेथीबाई का अंतिम संस्कार हो पाया।

हालांकि, बाद में प्रशासन द्वारा इस पूरे मामले में स्पष्टीकरण भी दिया गया है कि अंतिम यात्रा का रास्ता नहीं रोका गया था बल्कि श्मशान तक पहुंचने का मार्ग खराब होने के चलते ऐसी स्थिति निर्मित हुई। बाद में बगैर किसी विवाद के मृतिका बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार करवाया गया।

---

# हिंदू सम्मेलन की शोभा यात्रा के साथ ध्वजा रोहण निकला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सकल हिंदू समाज में धर्म चेतना जगाने नगर में 10दिवसीय कार्यक्रम चल रहे हैं,जिसका समापन चार जनवरी को होगा। रविवार दोपहर नगर में जन जागृति हेतु भूमि पूजन ध्वजा रोहन निकाला गया। भव्य शोभायात्रा के तारतम्य में शुक्रवार शनिवार हिंदू सम्मेलन के आयोजन में महिलाओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के मुख्य बाजार सहित लोधी मोहल्ला मेन मार्केट ब्यावरा रोड बस स्टेंड आदि क्षेत्र में भ्रमण कर जन जागृति हेतु घर घर आमंत्रण पत्र वितरित किये व प्रत्येक घर से महिलाओ को हिंदू सम्मेलन एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण दिया ।

यहां बता दे कि 4 जनवरी रविवार को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारी इन दिनों नगर में जोरों पर चल रही है नगर को केसरिया ध्वज पताकाओ से सजाया गया है । शोभायात्रा रविवार दोपहर 12 बजे बस स्टेंड जीन मैदान से डीजे ढोल आतिशबाजी के साथ शुरू हुई ,इसके पहले क्षेत्रों से उप यात्रा आकर शामिल हुई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सम्मेलन स्थल सरस्वती शिशु मंदिर के मैदान में पहुंचीं जहां पूर्ण विधिविधान के साथ भूमि पूजन व ध्वजा रोहन किया।

---

# ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसकी बुनियाद सत्य, अहिंसा, प्रेम और सौहार्द पर टिकी है। लोकतंत्र, समानता, न्याय और एकजुटता ही कांग्रेस की विचारधारा का मूल है। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभभाई पटेल, मौलाना आजाद एवं लालबहादुर शास्त्री जैसे महान नेताओं के आदर्श कांग्रेस के पथ-प्रदर्शक रहे हैं। हमें गर्व है कि हम उस भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा हैं, जिसके नेताओं ने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उक्त उद्गार पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेस पार्टी के 141वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कांग्रेस के गठन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 28 दिसंबर 1885 को ए.ओ. ह्यूम की पहल पर मुंबई के गोकुलदास संस्कृत कॉलेज मैदान में देशभर के राजनीतिक और सामाजिक विचारधाराओं के प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर कांग्रेस की नींव रखी। डब्ल्यू.सी. बनर्जी इसके पहले अध्यक्ष बने। उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट आबिद हुसैन लोदी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी विचारधारा, अनुशासन और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं पर निर्भर करती है। कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण को सदैव प्राथमिकता दी है। उन्होंने वर्तमान राष्ट्रीय नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी देशहित में सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में कांग्रेस को अडिग संकल्प और मजबूत इरादों के साथ जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध संघर्ष करना होगा, ताकि समाज के सभी वर्गों का विश्वास कांग्रेस को प्राप्त हो सके।कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला महामंत्री प्रदीप सादानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, पूर्व अध्यक्ष समीर मेव, जिला सचिव निजाम कुरैशी, महेश मालवीय, बहादुर भाई, महेश सोनी, मुस्ताक अंसारी, रईस मंसूरी, शोएब हसन राही सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

---

# धर्मध्वजाओं संग निकला जुलूस भूमि-ध्वजा पूजन किया संपन्न



**नरसिंहगढ़।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रस्तावित वृहद हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में लगातार आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार 28 दिसंबर को नगर की चारों बस्तियों में धर्मध्वजा के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी बस्तियों से श्रद्धालु अपने-अपने नियत स्थलों पर एकत्रित हुए और सनातन धर्म की जय-जयकार के साथ शोभायात्रा के रूप में स्टेडियम फील्ड पहुंचे। यहां भव्य भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जगदीश मंदिर बस्ती के अंतर्गत श्रद्धालु दोपहर 12 बजे पुरानी कोतवाली परिसर में एकत्रित हुए। यहां विधिवत सुंदरकांड पाठ एवं धर्मध्वजा पूजन के बाद धर्मध्वजा के साथ जुलूस निकाला गया, जो स्टेडियम फील्ड पहुंचा। आयोजन में सकल हिंदू समाज के साथ नारी शक्ति व मातृ शक्ति रही। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में आगामी 11 जनवरी को नगर में वृहद हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

---

नगर के सैकड़ों श्रद्धालु सहित प्रबुद्धजन हुए सम्मिलित, पदपूजन भी हुआ

# हरिओम तत्सत महाराज निर्वाण दिवस पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र के प्रसिद्ध संत श्री 1008 हरिओम तत्सतजी महाराज के निर्वाण दिवस पर रविवार को नगर में चरण पूजा उपरान्त भव्य शोभायात्रा का आयोजन करवाया गया। स्थानीय बड़ा सत्यनारायण मंदिर में संतश्री के चरण पूजन उपरान्त उपरान्त आरंभ हुई शोभायात्रा में नगर के सैकड़ों श्रृद्धालु एवं संतश्री के अनुयायी शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गो पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा इत्यादि के साथ भाव-भीना स्वागत, अभिनंदन किया गया।

### नगर व क्षेत्र में संतश्री के हजारों अनुयायी

प्रख्यात संत श्री हरिओम तत्सत महाराज के राजगढ़ नगर सहित क्षेत्र में हजारों की संख्या में अनुयायी मौजूद हैं। स्थानीय खोयरी महादेव धाम मंदिर परिसर में संत श्री हरिओम तत्सत महाराज की समाधि भी स्थित है। अपने निर्वाण के संबंध में संतश्री ने अनुयायियों को पहले ही बता दिया था कि वे कब और कितने समय पर मोक्ष प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपने मोक्ष का स्थान खोयरी के घने जंगलों में शिव-मंदिर के समीप तय किया था। मोक्ष के एक दिन पूर्व ही वे वहां पहुंचकर साधना में लीन होने के उपरान्त ब्रम्हलीन हो गए थे।

आपको बताते चलें की नगर के पारायण चैक की स्थापना हरिओम तत्सत जी महाराज के प्रयासों से ही हुई थी। पुराने समय में बड़े सत्यनारायण मंदिर के सामने नगर में पारायण होता था। इसके बाद नए स्थल की आवश्यकता महसूस हुई और महाराजश्री ने तत्कालीन राजा से पारायण चैक वाले स्थान पर मंदिर निर्माण की आवश्यकता जाहिर की थी।

---

# हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

11 जनवरी 2026 अंजनीलाल बस्ती ब्यावरा में आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए सकल हिन्दू समाज द्वारा श्री अंजनीलाल धाम पर ध्वज स्थापना एवम भूमि पूजन किया गया,,,भूमि पूजन के अवसर पर भागवताचार्य पंडीत सतीश नागर ने अपने वक्तव्य में कहा ,,संगठित समाज ही शक्तिशाली समाज बन सकता है हिन्दू समाज भारत की आत्मा है,,जातिगत भेद भाव मिटाकर राष्ट्र एवम सनातन धर्म के लिए हिन्दू समाज को एक होकर आगे आना होगा,,,11 जनवरी को अधिक से अधिक हिन्दू समाज हिन्दू सम्मेलन में भाग ले,,इस अवसर पर,,कथा प्रवक्ता सतीश नागर भागवताचार्य अजय तिवारी द्वय के पावन सानिध्य एवम अंजनीलाल बस्ती के सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

---

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी में 14वां वार्षिक उत्सव हुआ आयोजित



**जीरापुर।** नगर के एडवांस्ड किड्स एकेडमी का 14वां वार्षिक उत्सव "विरासत अत्यंत उत्साह, गरिमा एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं श्री गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर, विशेष अतिथि मनीष सक्सेना को स्कूल संचालक गिरिराज गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ई के जोशी, ने स्वागत भाषण के साथ वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्कूल गीत एवं ऑर्केस्ट्रा प्रस्तुति ने समां बांध दिया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने विशेष रूप से अभिभावकों का मन जीत लिया। नर्सरी के बच्चों की अभिभावकों हेतु विशेष प्रस्तुति, एलकेजी का बॉलीवुड डांस, यूकेजी का मस्ती डांस, कक्षा पहली का कार्टून मेडली डांस एवं कक्षा दूसरी का ट्विन रिदम डांस दर्शकों के लिए अत्यंत आकर्षक रहे। विद्यालय के उप-प्राचार्य पुष्कर पटेल द्वारा ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।